स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार पशु, मुर्गी, सुअर, मक्खीपालन आदि को भी शामिल किया जाय। फलीदार फसलों का अनुपात ज्यादा होना चाहिये ताकि पशुधन को पोषाहार चारा मिल सके और भूमि के लिये आवश्यक उर्वरकों में कमी की जा सके। मिली-जुली खेती को लोकप्रिय बनाने के लिये कुछ प्रोत्साहन तथा सुविधाओं का नीचे जिक्र किया जा रहा है।

(१) किसानों को अपने वर्तमान फसल ढंग बदलने, चारे का उत्पादन तथा भिन्न जातियों के पशुधन पालने के लिये प्राविधिक निर्देश तथा सहायता दी जाय।

(२) विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत जो आर्थिक सहायतायें दी जा रही हैं उन सुविधाओं को मिली-जुली खेती को भी दिया जाय।

(३) यदि किसान कुछ निर्दिष्ट नियम मानने के लिये तैयार हों तो उन्हें आवश्यक अतिरिक्त पूंजी दी जाय। इसके लिये विभिन्न योजनाओं में दी जाने वाली वित्तीय सहायता से मदद लेनी चाहिये। सहकारी समितियों द्वारा यह काम हो सकता है और इन्हीं के जरिये किसानों को नाम मात्र के सूद पर ऋण दिया जाय।

(४) नदी घाटी योजनाओं में मिली-जुली खेती के आधार पर विशेष काश्तकारी का इन्तजाम किया जाय।

(५) फसल चक्र में फलीदार तथा दूसरे सुधरे चारे शामिल करने के लिये उत्तम बीज, जड़ें आदि दी जायें।

(६) मिली-जुली खेती की सफलताओं को दिखाने के लिये कुछ चुने हुए प्रगतिशील किसानों की भूमि में प्रदर्शन शाखाओं का प्रबन्ध किया जाय।

इन सुझावों पर अमल करने के लिये तीसरी योजना में मिली-जुली खेती के विकास पर खास ध्यान दिया जाय।

पशुपालन के लिये, तीसरी योजना के वास्ते प्रस्तावित सुझावों में, नदी घाटी योजनाओं में भी मिली-जुली खेती की शाखाओं का निर्माण शामिल करना चाहिये। भारत में नदी घाटी योजना पूरी होने के कारण विस्तृत क्षेत्र कृषि के अन्दर आया है। मिली-जुली खेती को प्रोत्साहन देने के लिये कुछ चुने हुए क्षेत्रों में बीस से तीस प्रतिशत किसानों को दुग्ध उत्पादन के लिये पशुपालन की सुविधाएं दी जायें। हरेक योजना में सरकार कुछ शाखाओं में प्रयोग तथा प्रदर्शन का आयोजन करे। दूसरे किसानों को आवश्यक आर्थिक मदद दी जाय।

लूसर्न की अधिक उपज

कतारों में बोने से छिटकना अच्छा

लूसर्न से कतारों में बोआई करने की अपेक्षा छिटकवां बोआई करने पर अधिक उपज मिलती है।

यह इलाहाबाद कृषि विद्यालय में हाल ही में किये गये परीक्षणों से पता चला है।

यद्यपि छिटकवां फसल उगाने की लागत कतारों में उगायी गयी फसल की लागत से अधिक रही, क्योंकि छिटकवां फसल में निराई, सिंचाई और कटाई करने में अधिक समय लगता है।

परीक्षणों से यह भी पता चला कि बोआई से पहले और अंतिम बार पटेला चलाने के एक सप्ताह बाद खेत में बखर चलाने से उत्पादन लागत कम की जा सकती है। इससे काफी खरपतवार नष्ट हो जाते हैं। साथ ही गहराई पर दबे खरपतवार के बोज ऊपर भी नहीं आते।

खून चूसने वाली मक्खियों से

पशुओं को बचाइये

आर० पी० माथुर
पशुचिकित्सा तथा पशुपालन महाविद्यालय, मथुरा

खून चूसने वाली मक्खियों की कई जातियां हैं। पशुओं के खून को चूस कर पलने वाली कई घातक मक्खियां ग्रीष्म तथा बरसात में अधिक प्रभावशाली होती हैं। उनसे पशुओं को बहुत परेशानी तथा हानि होती है। दुधारू तथा भार-वाही पशुओं की उत्पादन-क्षमता घट जाती है। इसके अति-रिक्त वे खतरनाक संक्रामक रोगों के फैलाने में सहायक होती हैं।

घोड़ा मक्खी, अस्तबल मक्खी, पशु मक्खी, भैंस मच्छर, बालू मक्खी इत्यादि इनके नाम हैं। अस्तबल मक्खी को छोड़ कर बाकी मक्खियों में आम तौर पर मादा मक्खी अधिक खून चूसती है लेकिन जूं में नर-मादा दोनों ही समान रूप से खून चूसते हैं।

इन मक्खियों में घोड़ा मक्खी अधिक लम्बी तथा भारी शरीर वाली होती है। उनकी आंखें तेज होती हैं और वे सुन्दर काली तथा भूरे रंग की होती हैं। वे पशु, हरिण 'आम' नाम से भी पुकारी जाती हैं। ग्रामीण जनता उन्हें डाँस कहती है।

अस्तबल मक्खी घोड़ा मक्खी की तरह होती है। सींग मक्खी अस्तबल मक्खी के समान होती है लेकिन आकार में उसकी आधी होती है। घोड़ा तथा अस्तबल मक्खी शक्ति-शाली मक्खियां हैं। वे अपने जन्मस्थान से एक मील की दूरी तक सफर करती हैं। जूं अपने स्थान से बहुत दूर नहीं जाते। सींग मक्खी पशुओं के सींगों के आसपास चक्कर काटती रहती है। बालू मक्खी कमजोर होती है और एक जगह से दूसरी जगह कूदती रहती है। बालू मक्खी रात्रिचर होती है और वे संध्या के बाद ही अधिक क्रियाशील होती हैं। बाकी मक्खियां धूप की प्रेमी होती हैं। लेकिन साधारण-तया प्रातः तथा दोपहर के बाद गीले दिनों में क्रियाशील होती हैं।

सिवाय जूं के बाकी मक्खियां अंडे देती हैं। लेकिन जूं एक समय पर एक डिंब रखते हैं। इन मक्खियों की प्रजनन आदत एक दूसरे से भिन्न हुआ करती है। उनसे पशुओं को बहुत नुकसान पहुंचता है। इसलिये उनकी संख्या घटाने के लिये यह अत्यन्त आवश्यक है कि उनके प्रजनन क्षेत्रों के बारे में पूरी जानकारी हासिल की जाय।

घोड़ा-मक्खी

मादा घोड़ा-मक्खी गन्दे पानी के गड्ढों, तलाब के किनारों तथा नीचे उगे पौधों के नीचे हजारों की तादाद में अंडे देती है। धान के कीड़े भी गन्दे पानी से भरे गड्ढों में निवास करते हैं। घोड़ा-मक्खी के लिये ये गड्ढे प्रजनन के उपयुक्त स्थान होते हैं। उनके डिंब जल में उत्पन्न होते हैं और पानी जमा होने के निकटस्थ क्षेत्रों में डिंब परिपक्व होते हैं। जुलाई और अगस्त में अधिक वर्षा होने के कारण सितम्बर-अक्तूबर में इनका प्रजनन बहुत बढ़ जाता है और फिर जाड़े के मौसम में धीरे-धीरे घट जाता है।

अस्तबल मक्खी

घोड़े के गोबर, गन्दे घास-फूस, गीले दानों आदि में अस्तबल मक्खियों का प्रजनन होता है। उनके डिंब पकने के लिये घोड़े के गोबर में अधिक गीलेपन की आवश्यकता है। सूखापन डिंब के विकास को रोक देता है। ये मक्खियां उष्ण और गीले मौसम में अधिक क्रियाशील रहती हैं तथा गरमी-बरसात के मौसम में कम दिखाई देती हैं। दीवालों, पशु तथा दुग्ध-शालाओं में ये अत्यधिक संख्या में पाई जाती हैं।

सींग मक्खी

पशु के गोबर डालते ही दो-तीन मिनिट के अन्दर सींग मक्खी उसमें अंडे देती है। उसका डिंब गीले गोबर में विकास करता है और वह सूखी जमीन में परिपक्व होता है। स्थिर मक्खियों की तरह ये मक्खियां जून से सितम्बर तक उष्ण तथा गीले मौसम में अधिक क्रियाशील रहती हैं, जाड़ों में नहीं रहतीं।

भैंस मच्छर

भैंस मच्छर पानी में भीगे पत्तों, पानी के पौधों, पत्थरों आदि चिपचिपी सामग्री में तीन सौ से लेकर चार सौ तक अंडे रख देते हैं। ये मच्छर बसंत के आखिर तथा गरमी के प्रारम्भ में अधिक संख्या में दिखाई देते हैं। इस समय बहने वाली नदी-नालियों के किनारों पर इनके डिंब का विकास होता है।

बालू मक्खी

बालू मक्खी अंधेरी जगहों, मुर्गी के दड़बों आदि में पाई जाती हैं। इसके डिंब पशु-शाला के बीस गज के अन्दर से एकत्र देहाती क्षेत्र की मिट्टी में पाये जाते हैं।

काटने वाली छोटी मक्खियां

काटने वाली छोटी मक्खियों के डिंब पानी में उत्पन्न होते हैं। इसलिये मादा मक्खी दलदल के निकट अंडे देती है। सूर्योदय के पहले तालाबों तथा नालों के पास ये मक्खियां हवा में नाचती देखी जाती हैं।

जूं

मादा जूं अंडे के बजाय डिंब देते हैं जो कि जमीन के छायादार स्थानों में पाये जाते हैं।

खाने की आदतें

खून चूसने वाली सभी मक्खियों में मादा घोड़ा मक्खी अत्यधिक खून चूसने वाली होती है और उनका काटना भी बहुत खतरनाक ढंग का होता है। वे पशुओं के नाभि तथा पैरों में खून चूसती पाई जाती हैं। रुक-रुक कर काटना घोड़ा मक्खी की आदत है। उसके काटने की नोक इतनी तीक्ष्ण होती है कि पशु काट खाते ही व्याकुल हो जाता है। वे अपने को बचाते हुए पशुओं को काटती हैं। अकेली एक मक्खी दिन में करीब दस सी० सी० खून पी जाती है और अधिक संख्या में मक्खियां अकेले एक दिन में एक पशु का सौ से तीन सौ सी० सी० खून पी सकती हैं। इस प्रकार ज्यादा खून पीकर वे पशु की क्षमता को खत्म कर सकती हैं। यदि इन मक्खियों की रोकथाम का उचित इन्तजाम किया जाय तो पशुओं की शक्ति तथा उत्पादन क्षमता बढ़ सकती है। अस्तबल मक्खी में मादा तथा नर दोनों समान रूप से खून चूसती हैं और वे एक दिन में कई बार खून चूसती हैं। वे सुबह तथा दोपहर के बाद अधिक खून चूसती हैं लेकिन धूप के समय चुप रहती हैं। घोड़ा मक्खी की तरह अस्तबल मक्खी पशु से अपना आहार लेना शुरू करती हैं और दूसरे पशु पर खत्म करती हैं। इसीलिये इनसे संक्रामक रोग फैलने की गुंजाइश ज्यादा रहती है। इनके काटने से पशु बहुत परेशान हो जाते हैं और बैल इनके कारण जोतने के काम में अपने को कमजोर महसूस करते हैं। इनके काटने से दुधारू गाय का उत्पादन २० से २५ प्रतिशत तक घट जाता है।

मादा सींग मक्खी भैंस तथा कमजोर पशुओं को काटती है और साधारणतया रात में अधिक समय तक सींगों के चारों तरफ रहती हैं। उनके काटने से पशुओं को इतनी परेशानी होती है कि प्रति दिन प्रति पशु की दुग्ध उपज १० से २० प्रतिशत तक घट जाती है और डेढ़ पौण्ड भार घट जाता है।

पहाड़ी इलाकों में मादा भैंस मच्छर खतरनाक खून चूसने वाले होते हैं और वे घरेलू पशुओं को बहुत परेशान करते हैं। इनकी कटन जितनी दर्दनाक होती है, शायद और किसी छोटे मच्छरों की उतनी नहीं होती। इनके काटने से पशु व्याकुल रहते हैं, घास खाना छोड़ देते हैं। खून घट जाने के कारण उनकी क्षमता क्षीण हो जाती है। कभी-कभी इनके काटने से गायों के स्तन खराब हो जाते हैं और फिर स्तनों के सुधरने में कई सप्ताह लगते हैं। मादा बालू मक्खी केवल रात में पशुओं पर आक्रमण करती है और उसके खून चूसने से पशुओं को बहुत परेशानी होती है। जूं में नर-मादा दोनों खून चूस कर पशुओं की क्षमता को नष्ट करते हैं। वे अयन पर रहते हैं और उन्हें आसानी से नहीं निकाला जा सकता।

घोड़ा तथा अस्तबल मक्खी एक पशु से दूसरे पशु पर अक्सर आती जाती रहती हैं। इसलिये उनसे प्रायः भयानक संक्रामक रोग फैल सकते हैं।

खून चूसने वाली मक्खियों की रोकथाम

इनकी रोकथाम के कई तरीके हैं इनमें तीन प्रमुख हैं: कर्षण, रासायनिक तथा जीवशास्त्र सम्बन्धी।

कर्षण

यदि दिन में पशुओं को छायादार मकान में रखा जाय, रात में उन्हें चरागाहों में चरने दिया जाय और उन्हें घसाऊं क्षेत्रों से दूर रखा जाय तो घोड़ा मक्खी उन पर आक्रमण नहीं करती। यदि इन मक्खियों का प्रजनन क्षेत्र समाप्त किया जाये तो बहुत हद तक उनका नाश संभव हो सकता है और इन पर भलीभांति नियंत्रण किया जा सकता है। घोड़ा मक्खी के डिंब गीले स्थानों में परिपक्व होते हैं। पानी पर तेल छिड़क कर उनके डिंब आसानी से नष्ट किये जा सकते हैं। खाने से सड़ी-गली खुराक, गन्दी घास-फूस आदि अलग करके तथा नांदों को सफाई से रखने से मक्खियों का प्रजनन रुक सकता है।

रासायनिक

मक्खियों की रोकथाम का यह सबसे महत्वपूर्ण तरीका है। रासायनिक पदार्थों के प्रयोग से मक्खियों का आसानी से नाश हो जाता है। इनमें डी० डी० टी० प्रभाव शाली है। यह मक्खियों को पशुओं पर आक्रमण करने से रोकती है। मक्खी उत्पन्न होने वाले सभी स्थानों पर डी० डी० टी० छिड़कने से मक्खियों का उपद्रव बहुत कुछ कम हो सकता है।

जीव शास्त्र संबन्धी नियंत्रण

घोड़ा मक्खी के अंडों को प्रारम्भिक अवस्था में ही नष्ट कर देने से उनका फैलाव रुक सकता है। कीड़े-मकोड़े, मक्खी, मच्छर आदि के निर्मूलन का सबसे उत्तम तरीका यही है कि उनके अंड तथा डिब परिपक्व होने के पहले ही खतम कर दिये जायें।

पशु पालन विशेषज्ञ की डायरी से—

लोगों को चिकित्सा-प्रेमी बनाने के लिए शिविरों का आयोजन

देहातों में पशु-पालन जैसे महत्वपूर्ण उत्पादन कार्यों का भार अधिकतर पशु पालन विस्तार अधिकारियों की कार्यक्षमता तथा उनके अदम्य उत्साह पर निर्भर है। उन्हें पशु पालन कार्यों की प्रत्येक गति का सूक्ष्म अध्ययन करना चाहिए। मेरा अपना विचार है कि यदि पशु पालन विस्तार अधिकारी अपने क्षेत्र में लोगों को पशु-पालन प्रेमी तथा चिकित्सा प्रेमी बना सकें तो वे कभी कुछ अर्थों में अपना कर्त्तव्य पूरा करने में समर्थ हो सकेंगे। इसी को पूरा करने हेतु उन्हें कुछ ऐसे कार्य सोचने चाहिए जिससे पशु-पालन में एक नवीन अनुभूति का प्रादुर्भाव हो सके।

इसी धारणा को सफलीभूत बनाने के लिए गत वर्ष हमने अपने विकास खण्ड की ओर से गांव थमड़िया में एक विशेष पशु-चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में कुछेक ऐसे पशुओं की सफलतापूर्वक चिकित्सा की गई जिनसे अनेक मालिक निराश हो चुके थे। इससे गांव वालों में यह प्रतिक्रिया हुई कि चिकित्सा में उनका विश्वास हो गया। पहले लोगों में विश्वास कम था।

अब तो अनेकों गांव के लोग इस प्रकार के शिविरों के आयोजन की बार-बार इच्छा व्यक्त करते हैं। इस शिविर में चिकित्सा के अतिरिक्त लोगों को पशु-पालन के नियमों जैसे नाकारा सांडों को बधिया करना, संतुलित आहार की आवश्यकता आदि विषयों का ज्ञान कराया गया।

प्रयाग चन्द मोहता

पशुपालक डेरी कर्मचारी के लिये सद्योगणक

वी. ना. दवे,

प्राविधिक अधिकारी, केन्द्रीय गोसंवर्धन परिषद

पशुपालन और डेरीफार्म विषयक कार्यकारी तथा प्रयोगात्मक आधार-सामग्री प्रायः एक ही स्थान पर पाना मुश्किल होता है। इसलिये गोशाला कर्मचारियों, पशुपालकों, डेरी कर्मचारियों, पशुपालन के छात्रों और अनुसन्धान कर्ताओं को पुस्तकों और पत्रिकाओं के पृष्ट उलटने पड़ते हैं। फिर भी यह जरूरी नहीं है कि आवश्यक सामग्री एक ही स्थान पर मिल जाय, अथवा आवश्यक पुस्तक आसानी से हाथ ही लग जाये। इस बात को ध्यान में रखते हुए मैंने यहां पर स्वानुभव और अध्ययन-जनित सामग्री, के आधार पर एक सद्योगणक तैयार किया है।

पशुपालन

गर्भविधि

गाय २८३ दिन   भैंस ३१३ दिन

पैदाइश पर बछड़े का ठीक वजन

(१) गाय के बछड़े (सिन्धी नस्ल) ५० से ५५ पौंड

(२) भैंस के बछड़े (सुरती नस्ल) ६६ पौंड

आम तौर पर पाया गया है कि बछड़े का वज़न बछिया से कोई तीन या पांच पौंड अधिक होता है और वह बछिया की तुलना में मां के गर्भ में दो या तीन दिन अधिक रहता है। बछड़े का वजन पैदाइश पर उसके मां-बाप के वजन से निश्चित सम्बन्ध रखता पाया गया है। पैदाइश पर बछड़े का वज़न उसके मां-बाप के वज़न का क्रमशः १/१८ तथा १/२२ वां पाया गया है।

बछड़ा-बछिया के जन्म का समय विभाजन

गायों द्वारा बछड़ा देने की अवधि वर्ष के दौरान प्रायः सुविभाजित रहती हैं। ६० से लेकर ६५ प्रतिशत गायें अक्तूबर और मार्च के मध्य में बछड़े पैदा करती हैं। अस्सी से लेकर तिरासी प्रतिशत तक भैंसें सितम्बर से लेकर दिसम्बर तक बछड़े पैदा करती हैं।

दूध दोहन दूध निपटान की विधि व्यवस्था

(क) दो दोहनों की मध्यावधि (विराम)

दूध की मांग प्रातः अधिक होने के कारण पशुस्वामियों के लिये जरूरी है कि अपनी गायों-भैंसों से प्राप्त दूध को व्यवस्थित करने के हेतु दोनों दोहनों के विराम को असमान रखें। यदि प्रातः का दोहन साढ़े चार और तीसरे पहर का साढ़े तीन बजे रहे और इस प्रकार प्रातः और तीसरे पहर के दोहने में ११ घंटों का तथा तीसरे पहर और दूसरे दिन प्रातः के दोहन में १३ घंटों का अन्तर रहे तो प्रातः दोहन से दूध की प्राप्ति कोई १४ प्रतिशत अधिक पायी गयी है।

(ख) दूध के मापतोल का तरीका

दूध तोल के हिसाब से बिकता है। इसलिये तोलते समय उसमें फेन होने से दूध के असल तोल में फर्क आ जाता है। पशु को तेजी के साथ और विशेष तौर पर संकरे मुंह वाले बर्तन में दोहने पर काफी फेन पैदा हो जाती है और दोहन के तुरन्त बाद तोले जाने पर ऐसे दूध में कोई बारह प्रतिशत भाग फेन रहता है। किन्तु दूध को कोई पांच मिनटों तक यों ही छोड़कर देखा गया कि उसमें फेन का भाग ३ से ५ था। हां जब ८ इंची व्यास वाली छलनी, जिसमें प्रति लाइन इंच पर २५ जालियां थीं, में दूध को छाना गया था और उसे मलमल के गीले कपड़े में छाना गया, तब देखा गया कि फेन दूध पर बराबर बैठ गया था।

मुख्य नस्लों की जाँच के फल

सरकारी विभागों में या संगठित निजी संस्थाओं और फार्मों में पलने वाली देशी नस्लों के बारे में प्राप्त सूचना निम्नलिखित तालिका में दी गयी है।

क्रम संख्या	नस्ल	परखने की क्रम संख्या	औसत दूध देने की प्राप्ति
१	सिन्धी	८४१	३३३६
२	शाहीवाल	४४७	४७३१
३	थारपारकार	६४५	३३८३
४	गीर	३१२	३१२८
५	कांक्रेज	२६५	४३६०

औसत स्तन्यपान की अवधि	जन्म देने के दिनों के बीच विराम		दैनिक कुल औसत प्राप्ति पौंडों में
२८०	११७	३६७	८–४
३०२	१३७	४३१	१०–८
२७४	१४२	४१६	८–१
३१६	१६०	४७६	६–५
३२५	१२६	४५१	६–६

स्तन्यपान की बढ़ती के साथ दूध-प्राप्ति में कमी

जबकि पहले स्तन्यपान में दूध प्राप्ति केवल ६.२, अर्थात् न्यूनतम थी, वहां स्तन्यपान की अवधि में वृद्धि के अनुसार दूध की मासिक प्राप्ति दूसरे से लेकर सातवें स्तन्यपान तक १०.६ से १२.५० तक लगभग स्थिर रही।

साइलेज

चारा प्राप्त न होने पर हरी घास के गड्ढों (साइलो) म सुरक्षित घास प्रयुक्त की जाती है। साइलो घास की उपयोगी खुराक न्यूनतम १६ पौंड वजन से लेकर २६.२ पौंड वजन तक पायी गयी है। पर देखा गया है कि पशु को इस मात्रा से अधिक खिलाने पर दूध की प्राप्ति में कोई खास वृद्धि नहीं होती। प्रोटीन चीनी तथा अन्य खनिजों की हानि को यथासंभव कम करने के लिये सामग्री को ऐसे समय जब वह विशेष रूप से मुरझाई स्थिति में हो तब उसमें सूखा अंश १५ से २७ प्रतिशत तक गड्ढा भांति कर देना चाहिये।

वृक्षों से प्राप्त चारे की उपादेयता

गर्मियों में जब हरी घास और चारा मिलना मुश्किल हो जाता है, तो पशु को पेड़ों की पत्तियां और मुलायम टहनियां साधारण तौर पर खिलायी जाती हैं। इस दिशा में हुई जांच पड़ताल ने दिखाया है कि नीम पोषक इमली की पत्तियों में अन्य पत्तियों की अपेक्षा प्रोटीन की मात्रा १५ प्रतिशत रहती है जबकि अन्य पत्तियों में ८ या ६ प्रतिशत पाई जाती है। खनिज की मात्रा भी इनमें अधिक पायी गयी है। नीम की सारी पत्तियों में कैलशियम की मात्रा २ से लेकर ४ प्रतिशत होने के कारण काफी बड़ी-बड़ी कही जा सकती है।

नीम तथा पीपल को छोड़ कर शेष वृक्षों में पाये जाने वाले प्रोटीन की मात्रा गर्मियों में न्यूनतम हो जाती है, जब कि वर्षाकाल में अधिकांश पत्तियों में नाइट्रोजन रहित सब तथा खनिजों की मात्रा क्रमशः लगभग ५ से १० तक और २० प्रतिशत कम रहती है।

डेरी पदार्थ

दूध से बनाई गई अन्य डेरी वस्तुओं अथवा गव्यशाला पदार्थों का उत्पादन प्रतिशत उसमें प्रयुक्त दूध की अन्य चीजों की किस्म और चिकनाई के प्रतिशत पर निर्भर है। भैंस के दूध में ७-४१ प्रतिशत चिकनाई के आधार पर १०० पौंड (वजन) दूध से निम्नलिखित विभिन्न वस्तुएं प्राप्त हो सकती हैं :

क्रम संख्या	डेरीवस्तु का नाम	पौंडों में प्राप्ति	एक पौंड डेरी पदार्थ के लिये आवश्यक दूध पौंड	
१	मलाई	१३-६८	७ मलाई जांच से लगभग ५५ प्रतिशत चिकनाई	
२	अलगाया दूध	८५-६६		
३	मक्खन	८-४२	१२	—
४	छाछ	८-७४	—	—
५	घी	६-५०	—	—

मलाई के विक्रेता को मक्खन के थोक और फुटकर विक्रेता बताते हैं कि कितनी मलाई से कितना मक्खन निकाला जा सकता है । इसी के अनुसार मलाई विक्रेता मक्खन के थोक और फुटकर व्यापारियों तथा मक्खन बनाने वाली शालाओं को मलाई बेचते हैं ।

मलाई से चिकनाई प्रतिशत निकालते के बाद निम्न-लिखित विधि से मलाई के विक्रेता यह जान सकते हैं कि मक्खन-प्राप्ति के बारे में उन्हें मक्खन विक्रेताओं द्वारा दी गयी सूचना सही है या नहीं ।

प्रायः मक्खन की मात्रा मक्खन =

मलाई में चिकनाई कालजन × १००

८५

मलाई में चिकनाई प्रतिशत निकालना यदि संभव या सरल न हो तो मक्खन की मात्रा का पता काफी सही तौर पर लगाने के लिये मलाई से निम्नलिखित नुस्खे के अनुसार घी बनाकर आवश्यक सूचना प्राप्त की जा सकती है ।

मक्खन प्राप्ति घी प्राप्ति १००

७४ से ७६

उपयुक्त वस्तुओं के अतिरिक्त निम्नलिखित चीजें भी दूध से बनायी जा सकती हैं ।

क्रम संख्या	पदार्थों का नाम	दूध प्रतिशत
१	दही	७५
२	धन्ना	२०
३	रबड़ी	४०
४	सुरती पनीर	३८
५	दूध का बिस्कुट	४५ से ५५
६	खोआ	२४

हरी खाद के बीज

पौधे खेत की मेड़ पर उगाइये

किसानों को अपने लिए हरी खाद के बीज हर बार खरीदने की बजाय अपने ही खेत में तैयार करने की सलाह दी जाती है ।

मद्रास राज्य में किसान अपनी जरूरत के लिए सेस्बनिया और ढैंचा के पौधे मेड़ों के किनारे-किनारे कुछ कतारों में उगाते हैं ।

अन्य किसान भी यह तरीका सहज ही अपना सकते हैं । उन्हें खेतों की मेड़ों के किनारे इन पौधों की कुछ कतारें उगानी चाहिए । ढैंचा और सेस्बनिया ज बीजों की १०-१५ सेर प्रति एकड़ और सनई की २० सेर प्रति एकड़ की मात्रा ठीक रहती है ।

माता रोग से बचाव

इस रोग से अपने पशुओं को बचाने के लिए जी० टी० वी० के टीके लगाने चाहिए । इस टीके के लगाने से लाभ यह है कि एक बार पशु के टीका करवाने के पश्चात् पशु आयु भर 'माता' से ग्रस्त नहीं होता । अक्तूबर सन् १९५४ में कृष्णा नदी के समस्त दक्षिणी इलाके में और कुछ उत्तरी जिलों में पशुओं के यह टीका लगाया गया था । टीका लगाने के पश्चात् आज तक उस इलाके में माता का प्रकोप नहीं हुआ । इससे प्रेरित होकर केन्द्रीय सरकार ने "माता उन्मूलन आन्दोलन" प्रारम्भ किया है जिसके अन्तर्गत लाखों पशुओं के टीके लग चुके हैं ।

अतः पशु-पालकों को चाहिए कि जब टीके लगाने वाली पार्टी उनके गांव में आए तो उन्हें इस रोग के भयंकर खतरे से बचने के लिये टीके लगवा लेने चाहिए ।

- टीके लगवाने से पशु को किसी प्रकार की हानि नहीं होती ।
- टीके लगवाने के पश्चात् पशु पुनः काम में लाये जा सकते हैं । काम बन्द करने की जरूरत नहीं ।
- टीका लगवाने के पश्चात् पशु माता से मुक्त हो जाता है ।
- टीके से दुधारु पशु के दूध में कोई फर्क नहीं पड़ता ।

शुद्ध तथा स्वच्छ दूध का व्यवहार कीजिये

लेखक ए० बी० नाबर

राष्ट्रीय गव्यशाला अनुसंधान केन्द्र, करनाल (पंजाब)

शुद्ध तथा स्वच्छ दूध का व्यवहार अनिवार्य रुप से होना चाहिये। भारतवर्ष में दुग्धोत्पादन अधिकतर गावों में होता है और गावों से शहरों में लाया जाता है। अनुभव से यह मालुम हुआ है कि गावों का दूध दोहने के पश्चात चार घंटो से अधिक समय तक मीठा नहीं रहता। यदि दूध गर्म किया गया हो तो उसमें खटास पड़ जाती है। हालांकि इस का मतलब यह नहीं कि दूध थनों से ही खराब निकला करता है। इसके लिये वे लोग जिम्मेवार हैं जो दुग्ध व्यापार करते हैं। अनुपयुक्त व्यवस्था के कारण ही इस देश में दूध काफी मात्रा में खराब हो कर सेवन के अयोग्य बन जाता है।

वस्तुतः स्वच्छ तथा शुद्ध दूध के माने यह नहीं है कि साफ दिखाई दे तथा उसमें कचरा इत्यादि न हो। स्वच्छ तथा शुद्ध दूध का मतलब यह है कि वह स्वस्थ और निरोगी पशु से निकाला गया हो और पूर्ण सफाई के साथ निकाला गया हो। ऐसे दूध में जीवाणु (बेक्टेरिया) की संख्या कम हो जिससे वह काफी समय तक अच्छी हालत में रह सके। स्वच्छ और शुद्ध दूध के योग से हमें दो महत्वपूर्ण लाभ होते हैं। पहला यह कि दूध मीठा बना रहता है तथा काफी समय तक सेवन के योग्य रहता है जिससे अर्थहानि नहीं होती। दूसरा यह कि दूध के द्वारा फैलने वाली बीमारियों की संभावना कम हो जाती है।

स्वच्छ तथा शुद्ध दुग्धोत्पादन के लिये निम्नलिखित बातें आवश्यक हैं।

स्वस्थ और स्वच्छ पशु

पशु की सफाई तथा आरोग्य पर विशेष ध्यान देना चाहिये। पशु को नहलाना तथा खरेरा करना चाहिए। इस क्रिया को दूध दोहने से पहले कर देने से दूध में कचरा न आवेगा। थनों को पहले गुनगुने पानी से धोकर फिर पोटेशियम परमेगनेट के घोल से धोना चाहिये। अंत में स्वच्छ पानी से धोकर कपड़े से पोंछ लेना चाहिये। दूध निकालते समय दूध में उंगलियां नहीं डुबोनी चाहिये। यह आदत बहुत ही हानिकारक है। भैंस अगर कड़ी दुहाती है तो किसी कटोरे में स्वच्छ पानी रखकर उससे थनों को गीला करना चाहिये। पशु का निरोगी होना बहुत जरूरी है। रोगी पशु का दूध पीने से तपेदिक इत्यादि बीमारियों का फैलाव हो जाता है। गंदी आदतों से इसी दूध के द्वारा टाइफाइड (मोतीझरा) दस्त की बीमारी (डाइसेन्ट्री) इत्यादि भयंकर बीमारियां फैल सकती हैं। इसी तरह मुँहपका, खुरपका, गलाघोंटू, नपका इत्यादि रोग दूसरे जानवरों को लग सकते हैं। निरंतर गाय के लिये पशुचिकित्सालय जाते रहने से अर्थहानि से बच सकते हैं। दोहते समय हर एक थन की दो धारें अलग से निकालें, इसे दूध में न मिलावें। शुरू की धारों में जीवाणुओं की संख्या बहुत ज्यादा होती है। अगर बछड़े को चुसाने की आदत है तो यह प्रश्न नहीं उठता।

स्वस्थ तथा स्वच्छ ग्वाले

दोहने वालों की तथा दुग्ध व्यापार करने वालों की गंदी आदतें, जैसे गंदे कपड़े, बढ़े हुए नाखून, आंखें-नाक इत्यादि, दुग्ध सेवन में अस्वस्थकर हो सकती हैं। दुग्ध व्यापार से संबंधित व्यक्ति का निरोगी होना आवश्यक है।

दूध दोहने से पूर्व हाथों को साबुन से तथा पोटाशियम परमेंगनेट के घोल से धोकर कपड़े से सुखा देना चाहिये ।

दोहने का स्थान

इस जगह से गोबर, मूत्र, कूड़ा कर्कट साफ कर देना चाहिये । दूध दोहने से २-३ घंटों पूर्व फिनाइल का प्रयोग करने से वह जगह कीटाणु रहित हो सकती है तथा दूध में फिनाइल की बू आने की संभावना नहीं रहती । कूड़ा कर्कट जमीन पर फैलाकर आग लगा देने से भी यह कार्य हो सकता है । वर्षाकाल में कीचड़ में खड़े जानवर को वहां नहीं दोहना चाहिये । इसके लिये सीमेंट या पत्थर का पक्का चोतरा बना लेना चाहिये ।

दूध के बरतन

बाल्टी, घड़े तथा लोटों को अच्छी तरह मांज कर सोड़े से साफ कर देना चाहिये । बरतनों के जोड़ों में गंदगी जमी रहती है । यहां हानिकारक कीटाणु पनपते हैं जो दूध को खट्टा कर देते हैं । बरतनों को क्लोरीन के घोल (ब्लीचिंग पाउडर) से धो देना चाहिये । प्राप्त क्लोरीन की मात्रा एक मिलियन में सौ हिस्सा बराबर हो। खुली बाल्टी की जगह अधखुली बाल्टी का प्रयोग दोहने के लिये करने से दूध स्वच्छ रहता है । बिना जोड़ों के ढक्कनदार बरतन सब से अच्छे रहते है । दूध के बरतनों में पशुओं की चूनी, खली इत्यादि रखना बहुत खराब आदत है । नमी के कारण खली में फफूंद पड़ जाती है जो दूध के लिये उतनी ही हानिकारक है जितने कि जीवाणु ।

दूध रखने की जगह

दूध रखने का स्थान साफ हो तथा चारों तरफ से बंद हो, जिससे कमरे में मक्खियां न आने पावें । ध्यान रहे मक्खी दूध के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है । मक्खियों के प्रतिबंध के हेतु खिड़कियों में बारीक जाली लगावें । कमरे में फिलट, डी०डी०टी० आदि रसायनों का प्रयोग करें । कमरे में दूध लाने से २-३ घंटे पूर्व इन्हें छिड़कना चाहिये ।

दूध को कपास के पेड़ों में से अथवा मलमल के स्वच्छ कपड़े में से छान लेना चाहिये । दूध को इस तरह छान लेने से मिट्टी, गोबर तथा बाल इत्यादि से हम दूध को बचा सकते हैं । दूध दोहने के पश्चात अगर तुरंत बेच दिया जावे तो उसे गर्म करने की आवश्यकता नहीं होती । लेकिन फिर भी उसे ठंडी जगह में रखना चाहिये । ठंडा रखने के लिये बरतनों पर बारदान या बोरियां लपेटकर उन्हें रखने से उद्देश्य पूर्ति हो सकती है । दूध को ठंडा करने के लिये उसमें ठंडा पानी मिलाना कानूनन जुर्म हो सकता है ।

अगर दूध अधिक समय रखना है तो उसे ७४.५ फॉरनहाईट के तापमान तक गर्म करके ३० मिनिट तक इसी तापमान पर स्थिर रखो । इसके पश्चात उसे ४० अंश फारनहाईट तक ठंडा करलें । ठंडा करने के लिये दूध का बरतन पानी में रख देने से ६०-६५ अंश फारनहाईट तक ठंडा किया जा सकता है । ठंड के दिनों में रात का भरा हुआ पानी काफी ठंडा होता है । ग्रीष्म काल में बर्फ का प्रयोग कर सकते हैं । दूध के तापमान को देखने के लिये डेयरी फ्लोटिंग थर्मामीटर का उपयोग करें । उक्त प्रयोग को ही पाश्चीकरण (जीवाणु रहित करना) कहते हैं । गर्म तथा ठंडा करते समय दूध को चलाते रहना चाहिये । अगर दूध को २४ घंटों से अधिक समय तक रखना है तो उबालकर ठंडा करलें, लेकिन उबालने से दूध के जीवन सत्वों का नाश होता है ।

उक्त बातों से यह स्पष्ट होगा कि दूध को स्वच्छ तथा शुद्ध रखना कितना आवश्यक है । विशेषतया जबकि वर्तमान योजनाओं के अनुसार शहरों की मांग को पूर्ति के लिये दूध दूर दूर के गावों से लाने का काम शुरू हुआ है । हमारे ग्रामीण बंधुओं से यह आशा है कि वह उक्त साधनों को तथा आदतों को अपनाकर दूध को खराब होने से बचायेंगे ।

⋆⋆ गो-महिमा ⋆⋆

रचयिता—विष्णुकान्त झा

[राज-भवन, पटना में २ जनवरी १९६० को राष्ट्रपति डा० राजेन्द्र प्रसाद की उपस्थिति में आयोजित गोसेवा-गोसंवर्धन के विशिष्ट समारोह में रचयिता द्वारा आरंभिक मंगल-भावना के रूप में पठित]

प्रातर्दर्शनमुच्च मङ्गलकरं शुद्ध्यै च सद् गोमयं
यासां यज्ञ-हिताय पुष्टिकृतये दध्याज्यदुग्धानि च ।
यद्वंश्या वृषभा हल-प्रवहणे कर्षन्तियुक्ताः क्षिति-
शस्यानामुदयाय, नम्र-शिरसा ताभ्योऽथ गोभ्यो नमः ॥१॥

प्रातः कालीन प्रथम दर्शन करने से जो ऊंचे मंगल का सृजन करती हैं, जिनका गोबर शुद्धि के लिए पवित्र साधन है, जिनके दही-दूध-घी यज्ञों के उपकरण हैं और पोषक तत्त्व से भरपूर हैं, जिनके वंशज बैल हल चलाने में संलग्न होकर खेतों की जोत किया करते हैं, जिससे धान्यों का उत्पादन हुआ करता है उन गायों को झुके शिर से अभिवन्दना समर्पित हो ।

सर्वादौ कृषि हेतवेऽतिकठिने भूमिस्थलेऽनेकधा
कुर्वन्त्यात्मबलैर्हल-प्रवहणं शस्योद्गमे मर्दनम् ।
धान्यानां निचयस्थलाच्च शकटीवाहैर्गृहेऽन्नानि ते
ह्यानीय जने सुखानि विदधत्येते हि गोवंशजाः ॥२॥

खेतों में अनाजों की उपज और किसानों के घर में उनकी पहुँच तक इन गोवंशजों (बैलों) की बड़ी उत्कृष्ट देन है । वह इस प्रकार कि सर्वप्रथम तो खेतों में, जोत के लिए रूखी-सूखी कर्कश धरती को ये अपनी सारी ताकत से, हल में जुतकर उर्वर बनाते हैं, बाद में धान उपजने पर दौनी करते हैं । इतना ही नहीं, बैलगाड़ी में जुतकर खलिहान से वे सारे अन्न किसानों के घर पहुँचाकर भी उन्हें अतीव सुख प्रदान करते हैं ।

या मातेव विवृद्धये जनिजुषां दुग्धादिदानैः सदा
यत्पुत्रा हलचारणेन नियतं संवर्धयन्ते कृषीन् ।
एवं लोक-सुरक्षणेन नितरां सर्वोपकृत्यै रतो—
गोवंशस्तु कृतज्ञता-गुणधरैर्नो रक्षणीयः कथम् ॥३॥

जो दूध आदि देकर मानव-समाज के लिए माँ के समान अभिवृद्धि-साधन है और जिसके सपूत बेटे (बैल) हलों में जुतकर कृषि-वृद्धि में अनुपम भूमिका अभिनीत करते हैं—इस प्रकार लोकोपकार में 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' व्रत का ज्वलन्त आदर्श ये गोवंशज हैं । कृतज्ञ होने का दम भरने वाला कौन ऐसा व्यक्ति होगा जो इन्हें रक्षा नहीं प्रदान करे ?

देशः सैषहि यत्र कर्षकगणः क्षेत्राणि सम्पोषितुं
गोष्ठं तेषु विधाय गोमयबलैः शस्य-प्रवृद्ध्यै रतः ।
एतर्हि स्फुटनैकसाधन विधौ कालेऽपि लोकोत्तरः
सोऽयं 'खाद' इहोत्तमो जनपदे सर्वादृतं गोमयम् ॥४॥

यह वह देश है जहाँ के किसान अपने खेतों को उर्वर बनाने को उनमें (खेतों में) गाय-बैलों को बाँधते—बथान बनाते हैं—और इस तरह गोबर के विशुद्ध खाद से खेतों को उपजाऊ कर देते हैं । आज, जबकि खेतों की उपज बढ़ाने के बहुतेरे नये-नये साधन उपलब्ध हो रहे हैं, यह गोबर रूपी खाद सर्वाधिक विलक्षण और उत्तम होने से गांवों में मूर्धन्य रूप में आदृत है ।

दैन्ये यान्त्रिक साधनं क्व सुलभं क्षेत्राणि खण्डानिच
प्रेस्ठाऽतोऽद्य सुखंश्रिता हल-वृषाधीना कृषेः पद्धतिः ।
क्षेत्रस्थ-श्रमिणां तुयन्त्रभवनोद्योगं विना क्वाश्रयः
तस्माद् गोकुल-वर्धनाय विशदोयत्नो विधेयो जनैः ॥५॥

गरीबी के चलते यान्त्रिक साधन (ट्रेक्टर आदि) सर्वसुलभ कहाँ हैं ? खेत भी टुकड़ों में हैं । इसलिए आज भी हल-बैल वाली खेती की प्रणाली ही एकमात्र सुभीते का सहारा है । खेतिहर मजदूरों के लिए, आजीविका के हेतु और क्षेत्र ही क्या है जब कि इस अविकसित देश में अपेक्षित मात्रा में यान्त्रिक उद्योग-प्रतिष्ठान हैं ही नहीं ? अतएव वर्तमान आर्थिक-व्यवस्था में गोवंश की वृद्धि के लिए सर्वात्मना यत्न कर्तव्य है ।

गो-महात्म्यमहोऽनपत्य कठिन क्लेशं व्युदस्य स्थितं नित्यं योजयति प्रपूजन-विधौ काम-प्रदानां गवाम् । राज्ञी साऽथ सुदक्षिणाऽथ नृपतिश्रेष्ठो दिलीपः पुरा लब्ध्वा "पुत्ररघुं" निदर्शनमितौ गोचारणात् सद्व्रतात् ॥६॥

ऋषि-मुनियों की जो ज्ञान-परम्परा इस देश को विरासत के रूप में प्राप्त है उससे प्रमाणित है कि गायों की महिमा ऐसी बड़ी है कि निःसन्तान होने का घोर क्लेश भी गो-सेवा से दूर हुआ है । इसलिए वेद-स्मृति-पुराणों में कामना-पूर्ति के लिए गायों की सेवा का विधान है । उदाहरण स्वरूप, राजा दिलीप और रानी सुदक्षिणा को ले सकते हैं जिन्होंने गोचारण रूपी सद्व्रत से "रघु" पुत्र को प्राप्त किया था ।

गो-माहात्म्यमहो ! कथं स्मृतिपथाद् दूरे प्रयातु क्षणं यत्संवर्धनकृद् बभूव बसुधा-भारापहृत्यै प्रभुः । श्रीमान् नन्दसुनन्दनः सवितृजा-तीरेऽथ वृन्दावने धेनूश्चारयति स्म वेणु-मधुरो गोपाल-बालैः सह ॥७॥

उन गायों की महिमा क्षण भर के लिए भी स्मृति-पथ से क्योंकर दूर हो जिनके संवर्धन का व्रत उन प्रभु (श्री कृष्णचन्द्र भगवान) ने धरती का भार उतारने के लिए यहां आने पर लिया था । वे नन्द के नन्दन अधरों पर मुरली डाले, यमुना के तीरों में, वृन्दावन में, ग्वाल बालों के साथ, गायें ही तो चराया करते थे !

रोड्स घास

चारे की अच्छी फसल

चारे की समस्या को हल करने के लिए विशेषकर सूखे मौसम में मैसूर राज्य का कृषि विभाग किसानों को रोड्स घास उगाने की सिफारिश कर रहा है ।

घास वर्षा और सूखे दोनों हो मौसमों में उगायी जाती है ।

ठीक तरह से उगाने पर घास से वर्षा में १२ बार कटाई करने पर ८४० मन चारा मिल जाता है ।

रोड्स घास पौष्टिक भी बहुत अधिक होती है और पशु बहुत चाव से खाते हैं ।

कृषि विभाग परीक्षण के लिए नेपियर घास उगाने की भी सिफारिश करता है । यह आठ से १२ फुट तक ऊंची बढ़ती है और इससे वर्ष में आठ से १२ बार कटाई करने पर २,२४० से २,८०० मन चारा प्रति एकड़ तक मिल जाता है । पशु इसे चाव से खाते हैं परंतु उन्हें खिलाने से पहले इसे फुट भर के टुकड़ों में काटना पड़ता है ।

क्रम से चराई

गुजरात और महाराष्ट्र राज्यों के किसानों को चरागाहों का ठीक से उपयोग करने को कहा जा रहा है ।

इस दिशा में पहला कदम यह होना चाहिए कि चरागाह के चारों और उपयुक्त झाड़ीदार पौधे लगाने चाहिए और चरागाह को ४-५ हिस्सों में बांट देना चाहिए ।

फिर किसानों को अपने पशु एक समय में एक ही हिस्से में चराने चाहिए जिससे बाकी हिस्सों में घास की बढ़वार अच्छी हो जाए ।

इस प्रकार की नियंत्रित चराई से कई लाभ हैं ।

साथ ही किसानों से यह भी कहा जा रहा है कि वे क्षेत्र में वर्षा और घास की बढ़वार के अनुसार ही पशुओं की संख्या निर्धारित करें ।

Regd. No. D. 817.

Practical helps for preventing

LIVESTOCK LOSSES

Experience has proven that certain practices greatly reduce the risk of loss in handling livestock.

Every effort is made to merit the continued confidence and patronage of our many friends in the livestock industry. Our constant aim is to supply dependable products of high standard quality at the lowest consistent prices and with prompt and courteous service.

You may rely implicitly upon any merchandise purchased from our company. Feel free to write us for items that are of interest to you.

All deliveries are subject to availability of stock.

We offer all that is best and latest in **INSTRUMENTS, APPLIANCES AND EQUIPMENTS** for use in **VETERINARY SURGERY, OBSTETRICS GYNAECOLOGY, ARTIFICIAL INSEMINATION** and **POULTRY HUSBANDRY**.

CIRUGIA DE LUX PRIVATE LTD.,

Head Office :
24, Chowringhee Road,
CALCUTTA-13

TELEPHONE : 23—5552

Branch Office :
Bombay Mutual Annexe Bldgs..
IV Floor, Room No. 34,
17 Gunbow Street,
(Fort) BOMBAY-1

TELEPHONE : 26—3802

GRAM : "SURGIQUIP"

Printed and published by H. J. Makhijani, Secretary, Central Council of Gosamvardhana, New Delhi at The Zodiac Press, Tilak Marg, Delhi-6.

GOSAMVARDHANA

(An English-Hindi Illustrated Monthly)

Subscription

Annual:	Rs. 9.00
Single copy:	Re. 0.75

(Exclusive of M.O. Commission/Bank Draft Charges)

Gosamvardhana is a monthly journal containing original articles on cattle development and allied subjects, namely, breeding methods, feeding and improved cattle dairy husbandry practices, fodder crops and their cultivation, cattle feeds and their better utilisation, conservation of surplus fodder and grasses, improvement of grazing areas, milk and its utilisation, development of dairy industry, co-operative marketing of milk, cattle diseases and their control and treatment, development of *Gaushalas* and *Pinjrapoles*, Key Village Scheme, cattle shows, milking competitions, cattle markets, etc.

Gosamvardhana is a useful guide to Agriculturists, Cattle Husbandsmen, Dairy Workers, Veterinarians, Key Village Officers, Block Development Officers Extension Workers, Managements of Gaushalas and Pinjrapoles, and Students of Agriculture, Veterinary and Dairying.

Contribution in forms of original articles, technical notes, personal experiences, brief accounts of cattle fairs and shows, competitions, *Gosamvardhana* celebrations, *Gosammelans*, etc., may be sent to the Assistant Editor, Central Council of Gosamvardhana, 16-A Asaf Ali Road, New Delhi.

Contributions may be in Hindi or English preferably typed with double-spacing on one side of the paper. The articles may be suitably illustrated wherever possible.

The Gosamvardhana also accepts advertisements for agricultural and dairy equipment, veterinary appliances, gardening tools, manures and fertilisers, cattle feeds, laboratory equipment, chemicals and pharmaceutical preparations, insecticides and disinfectants, irrigation equipment, fodder chaffing machines, grass baling equipment, seeds and plants, cattle shows and fairs, general equipment for farms and dairies, cattle sales and purchases, dairy products, training courses, books and periodicals, etc.

Enquiries regarding subscriptions, rates of advertisements, and agency terms may be addressed to:

The Secretary,
Central Council of Gosamvardhana,
16-A, Asaf Ali Road,
NEW DELHI-6